**27/07/**2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोअर दिबांग वैली ज़िले में नागरिकों द्वारा संचालित 'ग्रीन रोइंग' पहल की सराहना की। अपने मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने रोइंग को एक प्रेरक उदाहरण बताया कि कैसे छोटे शहर स्वच्छता और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान खोज रहे हैं। श्री मोदी ने बताया कि ग्रीन रोइंग पहल के तहत, पुनर्चक्रित कचरे से एक पूरा पार्क बनाया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने प्रधानमंत्री द्वारा दी गई इस सराहना पर गर्व व्यक्त किया है। श्री खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "जब शांत, स्थानीय प्रयास राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करते हैं, तो यह हमेशा उत्साहजनक होता है। ग्रीन रोइंग सिर्फ़ एक अभियान नहीं है। यह एक आंदोलन है।"

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक ने नामसाई में कल एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षःता की। बैठक में राज्यपाल ने टी सी एल जिलों में केंद्र और राज्य सरकार के त्वरित प्रयासों में बाधा डालने वाले विभिन्न विषयों पर अपनी चिंता जाहिर की। राज्यपाल ने मंत्रियों, विधायकों, सुरक्षा ऐजेंसियों, जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षको से एक जूट होकर इस चुनौती से निपटने को कहा। सामुहिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने सभी हितधारको, फ्रोंटलाईंन प्रशासकों और प्रतिनिधियों से एक साकारात्मक रास्ता तय करते हुए कार्यान्वयन योग्य समाधान खोजने को कहा।

टी सी एल के सुरक्षा पर आधारित इस बैठक में उप मुख्यमंत्री चाउना मेन, APLA स्पीकर तेसाम पोंगते और अन्य लोग शरीक हुए।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनायक ने आज नामसाई स्थित अरुणाचल विश्वविद्यालय अध्ययन विभाग के बहत्तर कमरों वाले कृष्णा कुमारी आदिवासी बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाली पचपन छात्राओं को लैपटॉप भी वितरित किए। लैपटॉप प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह सशक्तिकरण का एक तरीका है।

0000000000000000000000

भूविज्ञान मंत्री वांगकी लोवांग ने विश्वव्यापी रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी सुहितानंद महाराज के साथ मिलकर कल नरोत्तम नगर स्थित रामकृष्ण मिशन में विद्या द्वार का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, वांगकी लोवांग ने अरुणाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मूल्य-आधारित शिक्षा के पोषण में रामकृष्ण मिशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने परिसर की प्राचीन सुंदरता को संरक्षित करने के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों से शैक्षिक एवं सांस्कृतिक बुनियादी ढाँचो का सार्थक उपयोग करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

स्पीयर कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस. पेंढारकर ने हाल ही में ईस्ट सियांग के रायांग स्थित सैन्य स्टेशन पर एक उन्नत सैन्य अभ्यास, ड्रोन प्रहार का अवलोकन किया। यह अभ्यास अरुणाचल प्रदेश में पैदल सेना और सहायक सेनाओं द्वारा सामरिक अभियानों में ड्रोन तकनीक के एकीकरण को प्रमाणित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

00000000000000000

लेपारादा जिला उपायुक्त अतूल तायेंग ने कल बासार के जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में एक विंडो सेंटर का उद्घाटन किया। इस परिसर का उद्देश्य एक ही छत के नीचे फॉर्म जमा करने से लेकर प्रमाण पत्र वितरण जैसे लोक सेवाओं का समय-सीमा के तहत नागरिको तक आसान पहुंच बनाना है। शिकायत निवारण सेल तथा सार्वजनिक चिंताओं पर तेजी से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के तौर पर भी यह सेंटर कार्य करेगा। वर्चुएल बैठको और ओनलाइन प्रशिक्षःण कार्यक्रमो को सपोर्ट करने के लिए इस दौरान NIC द्वारा प्रबंधित एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का भी उद्घाटन किया गया।

0000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला पासीघाट में कल भारतीय सेना ने उन्नीस सौ निन्यानवें के कार्गिल युद्ध के दौरान भारत के सशस्त्र बलों के साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करते हुए देशभक्ति के जोश के साथ कार्गिल दिवस मनाया। कार्यक्रम में युद्ध दिग्गज, स्कूली छात्रों, स्थानीय गणमाण्य व्यक्तियों और आम जनता की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दिग्गजों की सम्मान कार्यक्रम से आगाज हुआ जिसमें वेटेरन सुविधा केंद्र पासीघाट में कार्गिल युद्ध के तीन युद्ध दिग्गजों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी दीर्घकालिक सेवाओं को स्वीकार किया गया।

000000000000000

गृह विभाग ने राज्य भर में साप्ताहिक बाजारों को फिर से खोलने की मंज़ूरी दे दी है, साथ ही उनके संचालन को सुव्यवस्थित करने और निष्पक्ष व्यापार चलन को बढ़ावा देने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की है। तीस अप्रैल की एक पूर्व अधिसूचना में, राज्य सरकार ने आईसीआर के भीतर साप्ताहिक बाजार आयोजित करने के लिए व्यक्तियों, विक्रेताओं और संघों को जारी किए गए सभी पूर्व लाइसेंस और परमिट रद्द कर दिए थे।

0000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज इस बात पर प्रकाश डाला कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में निर्बाध रसद प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। रक्षामंत्री ने वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि रसद को केवल सामान पहुँचाने की प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि सामरिक महत्व के चश्मे से देखा जाना चाहिए।

00000000000000000000

ऑपरेशन सिंदूर पर कल लोकसभा में चर्चा शुरू होने की उम्मीद है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले बताया था कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया पर चल रहे मानसून संसद सत्र के दौरान विशेष चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग, पापुम पारे और लोंगडिंग जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अलग-अलग स्थानों में बादल चमकने और भारी वर्षा का भी अनुमान लगाया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पंद्रह जिलों में येल्लो अलर्ट जारी किया गया है।

00000000000000